







# अवध विहान

## डिजिटल पत्रिका

अंक–: त्रयत्रिंशत्  पुष्प, सितम्बर 2024

**भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र.**

**अवध प्रान्त**

सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ

# अवध—विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
अध्यक्ष
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. रामजी सिंह जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

प्रधान सम्पादक
**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
क्षेत्र प्रचार प्रमुख (विद्या भारती, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र)
प्रान्त प्रचार प्रमुख (भारतीय शिक्षा समिति,उ.प्र.)

सहसम्पादक

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर
रायबरेली

**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.बा.इ.का.
लखीमपुर–खीरी

विशेष सहयोग

**श्री इन्द्रेश कुमार शर्मा**
प्रान्त कम्प्यूटर संयोजक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**श्री जितेन्द्र पाण्डेय**
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

# सम्पादक की कलम से –



खेलकूद बच्चों को सक्रिय और स्वस्थ रखने का एक शानदार तरीका है, परंतु आज के माता–पिता बच्चों को पढ़ाई के अलावा किसी भी अन्य गतिविधि में शामिल नहीं करना चाहते हैं। इसलिए आज खिलाड़ियों का अभाव हो गया है। भारत सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है, परंतु पढ़ाई और अंक प्राप्त करने की मशीन बनने की होड़ में हम इस ओर ध्यान ही नहीं दे पाते हैं या देना नहीं चाहते हैं। जबकि खेलकूद हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं खेलकूद केवल मौज मस्ती नहीं है यह छात्रों को टीमवर्क, नेतृत्व की क्षमता का विकास, जीवन में धैर्य रखना भी सिखाते हैं, कई शिक्षण संस्थाएं आधुनिक खेल सुविधाएं और अनुभवी सोच द्वारा छात्रों में अपने शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करती हैं। शिक्षा में खेल और खेलों के लाभ बहुत हैं। यह छात्रों में समग्र विकास करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज की दुनिया में जहां बच्चे तेजी से निष्क्रिय होते जा रहे हैं। शारीरिक गतिविधियों में शामिल होना अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। नियमित व्यायाम छात्रों के सक्रिय और स्वस्थ रहने में मदद कर सकता है। व्यायाम करने से शरीर के भीतर रक्त परिसंचरण विकसित करने में मदद मिलती है, जिससे लचीलापन भी बढ़ता है और चोट लगने का खतरा कम होता है। शारीरिक तंदुरुस्ती के अलावा मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्वपूर्ण साथ मिलता है। नियमित शारीरिक गतिविधि तनाव और चिंता के स्तर को कम करने आत्म सम्मान को बढ़ाने और समग्र मनोदशा को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। इससे छात्रों में ध्यान केंद्रित करने में भी सफलता प्राप्त होती है जिससे उन्हें अपने भौतिक लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलती है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो छात्र खेलकूद में भाग लेते हैं उनका अकादमी प्रदर्शन बेहतर होता है, क्योंकि वह अपने समय का बेहतर प्रबंधन करने, ध्यान केंद्रित करने और प्रेरित रहने में सक्षम होते हैं। इसे कैरियर के रूप में चुनकर भी आगे बढ़ा जा सकता है इसका उदाहरण नीरज चोपड़ा है। इसलिए हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि शिक्षा में खेलों को शामिल करना न केवल सीखने के अनुभव को बदलने का एक तरीका है बल्कि यह बच्चे की समग्र विकास पर बहुत गंभीर प्रभाव भी डाल सकता है। वास्तव में वे छात्र अधिक आत्मविश्वासी और बेहतर आत्मसम्मान पाते हैं जो खेलकूद में प्रतिभाग करते हैं।

**डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह**
**प्रधान सम्पादक**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म.इ.का.**
**लखीमपुर–खीरी**

# लखनऊ संकुल












## चिन्तन बैठक सम्पन्न

लखनऊ विद्याभारती पूर्वी उत्तर प्रदेश (क्षेत्रीय चिंतन बिंदु एवं क्रियान्वन बैठक ) सरस्वत्री कुंज निराला नगर लखनऊ में संपन्न हो हुई। उद्घाटन सत्र में माननीय अवनीश भटनागर जी (अखिल भारतीय महामंत्री) माननीय हेमचंद्र जी ( क्षेत्रीय संगठन मंत्री) माननीय जयप्रताप जी ( क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ) माननीय सौरभ जी (क्षेत्रीय मंत्री) प्रांत स्तर एवं विद्यालय स्तर पर प्रांतसह बैठकों का नियोजन किया गया। प्रत्येक बिंदु पर चिंतन कर उसका कार्य विस्तार किया गया।




# भारतीय संस्कृति के विषय में बताया






लखनऊ सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ में वंदना सभा में संस्कृति बोध परियोजना के क्षेत्रीय प्रमुख श्रीमान राजेंद्र त्रिपाठी जी व प्रधानाचार्य श्रीमान संतोष कुमार सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की । प्रधानाचार्य जी ने अतिथि महोदय का परिचय कराया तथा प्रधानमंत्री वीर सिंह ने अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया । अतिथि श्री त्रिपाठी जी ने भारतीय संस्कृति व दिनचर्या के विषय में भैया बहनों को बताया । उन्होंने भारतीय संस्कृति की विशेषता बताते हुए ,भोजन करने के नियम व दिनचर्या से 100 वर्षों तक के जीवन जीने की कला बताई । कहानी के माध्यम से टूटते परिवार और परिवार में कम होते रिश्तों पर प्रकाश डालते हुए कहानी के माध्यम से बड़े बुजुर्गों के महत्व को समझाया । उन्होंने विस्तार से संस्कृति बोध परियोजना की 10 पुस्तकों को दिखाकर विस्तार से जानकारी दी तथा परीक्षा के संबंध में जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष में पुस्तकों के साथ घर – घर जाने ,माता– पिता सहित अपने रिश्तेदारों को पढ़वाने की बात बताई । प्रधानाचार्य जी ने बताया कि अबकी बार अभिभावकों को विद्यालय में परीक्षा नही देनी है उनको सिर्फ बोध के लिए पुस्तकें पढ़नी हैं । टॉप टेन अभिभावकों को पुरस्कृत किया जाएगा । लखनऊ के अभियान प्रमुख प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र जी तथा विद्यालय के अभियान प्रमुख श्री उमेश जी हैं ।



# शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया



लखनऊ सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ में आज भारत रत्न , पूर्व राष्ट्रपति ,प्रख्यात शिक्षाविद, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर शिक्षक सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया । मुख्य अतिथि डॉक्टर सौरभ मालवीय क्षेत्रीय मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश,विद्यालय के यशश्वी प्रबंधक व पूर्व प्राध्यापक गणित ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया तथा स्वागत एवं सम्मान किया । प्रबंधक जी ने , मुख्य अतिथि डॉक्टर सौरभ जी का सम्मान अंगवस्त्र भेंट कर किया । वरिष्ठ शिक्षक तथा सबके मार्ग दर्शक और कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर शैलेश मिश्र का स्वागत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुरेश मानी सिंह तथा विद्यालय के प्रधानमंत्री वीर प्रताप सिंह ने किया । छात्र प्रधानमंत्री वीर प्रताप ने गुरु की महिमा वेदों के आधार पर बताई । बहन हरिप्रिया तथा अंजनी ने भारत भूमि का नमन तथा अभिनंदन मधुर गीत के द्वारा किया । मंच का संचालन बहन जिगिशा वशिष्ठ ने किया ।मुख्य अतिथि, लखनऊ विश्व विद्यालय के प्रोफेसर, डॉक्टर सौरभ मालवीय जी ने बच्चों और शिक्षकों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि विश्व की अधिकतर सभ्यताएं समाप्त हो गई क्योंकि वहां के लोग अपनी परम्पराओं से कट गए थे । जिस देश के लोग अपनी मातृभूमि पर गर्व करते हैं ,वह कभी लड़खड़ाता नही है ।भारत को सत्यम, शिवम्,सुंदरम कहा जाता है । विवेकानंद के विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य यह है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के साथ साथ हम कुछ देने का भाव भी रखते हैं। देश के विकास में हमारा भी योगदान होगा ।

# संकुल स्तरीय खेलकूद समारोह सम्पन्न





विद्याभारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ के विशाल प्रांगण में, संभाग निरीक्षक श्रीमान अवरीश जी तथा प्रधानाचार्य श्री संतोष जी के द्वारा मां की आराधना से किया गया । प्रधानाचार्य श्री संतोष सिंह ने आए हुए अतिथि महानुभावों का परिचय व स्वागत अंगवस्त्र भेंट कर किया । दौड़ ,कूद और फेंक की विभिन्न प्रतियोगितायें लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों से आए भैया बहनों के मध्य होगा । संभाग निरीक्षक जी ने कहा आप अपनी शक्तियों को पहचानिए । सबसे बड़े खिलाड़ी बंजरगबली का आशीर्वाद लेकर आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करिए । विद्यालय के खेल आचार्य प्रवेंद्र सिंह , प्रियंका सिंह , ने बताया कि लड़कियों के गोला फेंक में आराध्या सिंह सेक्टर क्यू ने प्रथम स्थान गोल्ड, अंडर 14 में आलिया परवीन सेक्टर क्यू गोल्ड,अंडर 19 में लक्ष्मी माडल हाउस ने, प्रथम स्थान गोल्ड प्राप्त कर प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया । विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र ने सभी विजेताओं को पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया तथा आशीर्वाद देते हुए कहा कि जो इस वर्ष थोड़ा पीछे रह गए हैं वे अगली बार गोल्ड मेडल लेकर अपने विद्यालय का मान बढ़ाएंगे ।

# अयोध्या संकुल




## संस्कृति बोध परियोजना का महाअभियान प्रारम्भ







अयोध्या, विद्या–भारती–विद्यालय शिवलाल शर्मा सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर तुलसीनगर, अयोध्या में संस्कृति–बोध–परियोजना अभियान का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें श्री राजकुमार सिंह जी (क्षेत्रीय संयोजक) संस्कृति बोध परियोजना (पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र) और श्री अवनि कुमार शुक्ल जी (संकुल प्रमुख)का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ऋषभ नारायण बाजपेयी जी ने आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्र दे कर स्वागत किया और उनका परिचय कराया। इस अवसर पर मातृ भारती की माताएं –बहन,पूर्व छात्र,अभिभावक,विद्यालय के समस्त आचार्य/आचार्या सहित विद्यालय के सभी भैया/बहन उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नानकपुरा साकेत के भैया बहनों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम मनाया बहन सोनम व अदिति सिंह ने मनमोहन गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय कुमार सिंह ने विस्तार पूर्वक श्री कृष्ण के जीवन वृतांत को बताया। कार्यक्रम का संचालन छात्र संसद के पदाधिकारी भैया उज्ज्वल शर्मा ने किया।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया





अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित शिवलाल शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर तुलसी नगर अयोध्या में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा–कृष्ण रुप सज्जा का आयोजन किया गया। इसके साथ–साथ स्वतन्त्रता दिवस समारोह में प्रतिभाग करने वाले तथा रंगोली व मेहंदी की प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त भैया–बहनों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ऋषभ नारायण बाजपेयी जी ने आए हुए अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य/आचार्या श्रीमती ममता पांडे, श्री विनीत कुमार मिश्र,श्रीमती प्रियंका त्रिपाठी,प्रिया जी,कविता जी, नेहा जी, शशि बाला तिवारी जी, अर्जुन जी, अंकिता जी,सुधीर जी, वैशाली जी,सीता जी एवं सर्वानंद मिश्र जी ने अपना सराहनीय योगदान दिया।

# सीतापुर संकुल



## जन्माष्ट्मी मनायी गयी

सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारीटोला बिसवां सीतापुर के विद्यालय के मां शारदे की वंदना के पश्चात श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लाह एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्या बहनों के द्वारा सुंदर गीतएवं भजन प्रस्तुत किए गए। भैया बहनों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जीवन परिचय पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत मेंविद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसिया जी द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव क अवसर पर कृष्ण सुदामा चरित्र का सुंदर प्रसंग भैया बहनों को सुनाया गया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।





# कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया





सरस्वती शिशु मंदिर हरगांव सीतापुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भैया बहनों की रूप सजा प्रतियोगिता आयोजित हुई इसमें बहाने राधा के रूप में भैया श्री कृष्ण के रूप में सजा करके आए प्रधानाचार्य जी के द्वारा सभी भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया साथ ही जन्माष्टमी का कार्यक्रम भी मनाया गया जिसमें श्री कृष्ण जी के जन्म व उनके बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए सुदामा और श्री कृष्ण की मित्रता को आदित्य मित्रता बताया गया विद्यालय के आचार्य श्री अनिल जी ने श्री कृष्ण के जीवन के विषय में भैया बहनों को जानकारी दी विद्या मंदिर के भैया बहनों ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया





सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां, सीतापुर के विद्यालय में महान दार्शनिक ,शिक्षाविद , कुशल शिक्षक एवं लेखक डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह एवं आनंद के साथ मनाया गया। भैया /बहनों के द्वारा उनके जीवन परिचय एवं सुंदर–सुंदर गुरु महिमा से संबंधित गीत, भजन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीमान तोताराम पांडे जी द्वारा उनके व्यक्तित्व एवं जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसिया जी द्वारा गुरु की महिमा एवं हमारे जीवन में गुरु का क्या स्थान है इस पर भैया बहनों के लिए शुभ संदेश दिया गया कि अपने जीवन में सदा शिक्षकों का सम्मान करेंगे, अभिवादन एव विश्वास बनाए रखेंगे। साथ में छात्र सांसद, शिशु भारती एवं कन्या भारती की बहनों के द्वारा सभी सम्मानित आचार्य बंधु /बहनों को पुष्प एवं कलम डायरी देकर के उनका मान, सम्मान एवं अभिवादन किया गया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

# लखीमपुर संकुल



## संकुल स्तरीय छात्र संसद प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न





श्री तेज महेंद्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलिया कलां – खीरी में संकुल स्तरीय शिशु भारती,कन्या भारती तथा छात्र संसद विकास वर्ग आयोजित किया गया जिसमें जनपद के 12 विद्यालय के कुल 130 भैया, बहनों ने सहभाग किया स जनपद स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखीमपुर के भैया रूपक वर्मा प्रधानमंत्री तथा इसी विद्यालय के भैया प्रबल श्रीवास्तव उप. प्रधानमंत्री, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलिया कलां खीरी के भैया विनायक को उपन्यायाधीश के पद पर तथा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड लखीमपुर के भैया शिव मन्नार को न्यायाधीश के रूप में चयनित किया गया स इसी प्रकार कन्या भारती









में बहिन प्रियांशी वर्मा को प्रधानमंत्री , सौम्या शुक्ला को उपप्रधानमंत्री के रूप में चयनित किया गया इसी प्रकार शिशु भारती में बहिन नीलोफर मिश्रा को अध्यक्ष अनुराग मौर्य को सेनापति व अमन कुमार को उपसेनापति के रूप में चयनित किया गया स कार्यक्रम का उद्घाघाटन मुख्य अतिथि ओ. पी.सिंह चौहान पद वाइस प्रेसिडेंट बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल लिमिटेड से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया तथा समापन सत्र के मुख्य अतिथि पलिया नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सलिल अग्रवाल ने चयनित पदाधिकारी भैयाध्बहिनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । अतिथि परिचय विद्यालय के यशश्वी प्रधानाचार्य रामप्रताप सिंह जी ने करवाया विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री चाँद कुमार जैन ने भैया बहनों को शुभकामना संदेश दिया स विद्यालय के प्रबंधक श्री राम बचन तिवारी ने आए हुए आचार्य एवं प्रधानाचार्यो,अतिथि महानुभावों एवं भैया बहनों को तीन–तीन उपहार देकर सम्मानित कर आभार प्रदर्शित किया स विद्यालय के प्रबंधक श्री रामबचन तिवारी जी ने सभी विद्यालय के प्रधानाचार्यो को डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह संकुल प्रमुख लखीमपुर यूपी बोर्ड सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखीमपुर, श्री राजकुमार वर्मा गोला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, श्री पवन वर्मा मोहम्मदी सरस्वती विद्या मंदिर , श्री अजीत जी वेलराया विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, श्री रामेश्वर प्रसाद वेलराया शिशु मंदिर, श्री मुनेंद्र दत्त शुक्ला मिश्राना लखीमपुर , श्री पंकज मिश्रा माझिगई , श्री रामप्रताप सिंह पलिया विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इन सभी प्रधानाचार्य को श्वेत वस्त्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया स कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।



# रूप सज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न

सरस्वती शिशु मंदिर मोहमदी में रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक भैया बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी मनमोहन झांकियां से अतिथि महोदया सीमा गुप्ता जी और सुनीता वर्मा जी का मन मोह लिया। विभिन्न रूप में आए भैया बहन कृष्णा ,राधा , यशोदा मैया ,राम जी , फौजी आदि रूप में प्रदर्शन किया ।इस अवसर पर जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर कक्षा तृतीय से पंचम तक के भैया बहनों ने मूर्ति ,बांसुरी, मटकी ,मुकुट और झूला आदि की सजा करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वाटिका प्रमुख जी ने किया। विद्यालय के प्राचार्य जी ने आए हुए मुख्य अतिथि महोदय जी का आभार प्रदर्शन किया।






# संकुल स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव और गणित मेले का आयोजन किया गया।



विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (यूपी बोर्ड ) लखीमपुर खीरी में सांस्कृतिक महोत्सव और गणित मेले का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ सीतापुर संभाग के संभाग निरीक्षक श्री सुरेश सिंह जी ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन और दीप प्रज्जवलन कर किया उद्घाटन सत्र में डॉ० दिनेश चंद्र मिश्रा प्रदेश मंत्री जन शिक्षा समिति एवं विद्यालय के प्रबंधक श्री विमल अग्रवाल जी एवं विद्यालय के सह प्रबंधक श्री रवि भूषण साहनी जी, एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह जी उपस्थित रहे विद्यालय में आयोजित समस्त सांस्कृतिक और वैदिक गणित प्रतियोगिताओं में ओवरल चौंपियनशिप में प्रथम स्थान पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज( यूपी बोर्ड) लखीमपुर खीरी ने प्राप्त किया एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई लखीमपुर खीरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा तेज महेन्द्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिशु वर्ग की सांस्कृतिक प्रश्नमंच एवं वैदिक गणित प्रश्नमंच एवम कथाकथन ,गणितीय प्रयोग की प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना लखीमपुर








ने प्रथम स्थान प्राप्त किया शिशु वर्ग की गणित प्रदर्श में डॉक्टर हेडगेवार शिशु मंदिर लखीमपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया बाल वर्ग की सांस्कृतिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता में डॉक्टर हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर लखीमपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग की की वैदिक गणित प्रश्न मंच की प्रतियोगिता में तेज महिंद्रा सरस्वती विद्या मंदिर पलिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया किशोर वर्ग की सांस्कृतिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया किशोर वर्ग की वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में तेज महेन्द्रा सरस्वती विद्या मंदिर पालिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।तरुण वर्ग की सांस्कृतिक प्रश्न मंच एवं वैदिक गणित प्रश्न मंच में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तरुण वर्ग की प्रतियोगिता पत्र वाचन, गणितीय प्रदर्श में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया समस्त विजयी प्रतियोगियों को कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि श्री वी विक्रमन सहायक महानिदेशक एस० एस० बी० एवं श्री विमल अग्रवाल प्रबंधक पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड एवं श्री रवि भूषण साहनी प्रबंधक पंडित दीनदयाल उपाध्याय सीबीएसई एवं डॉक्टर योगेंद्र प्रताप सिंह एवं श्री अरविंद सिंह जी प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड ने पुरस्कृत किया इस अवसर पर दोनों विद्यालयों का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# विजयी प्रतिभागिओं को पुरस्कृत किया गया।



विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना लखीमपुर खीरी में संकुल स्तरीय सांस्कृतिक एवं गणित मेला के विजयी प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रबंधक श्री रवि भूषण साहनी एवं कोषाध्यक्ष श्री अमित कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य श्री मुनेंद्र दत्त शुक्ल जी ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य जी ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए बताया कि संकुल स्तरीय सांस्कृतिक एवं गणित मेले से पूरे जिले से शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग, तरुण वर्ग के छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अपने विद्यालय से शिशु वर्ग में 11 भैया/बहनों ने विविध प्रतियोगिताओं में तथा लोक नृत्य में 15 शिशुओं के साथ–साथ सांस्कृतिक पत्र वाचन में श्रीमती पूजा मिश्रा ने तथा वैदिक गणित पत्र वाचन में श्री ज्ञानेंद्र कुमार बाजपेयी ने प्रतिभाग किया था। जिसमें से सांस्कृतिक प्रश्न मंच में गोविंद मिश्रा,कीर्ति, कश्यप,आर्या प्रथम, वैदिक गणित प्रश्न मंच में अवी वर्मा, मेधांश बाजपेयी व अमितोष मिश्रा प्रथम, गणित प्रयोग में अक्षत शुक्ला ने प्रथम, कथा कथन में शिवेंद्र बाजपेई प्रथम, गणित प्रयोग में रिया मनार व अनुकृति वर्मा प्रथम, आचार्य पत्र वाचन में पूजा मिश्रा आचार्या प्रथम तथा वैदिक गणित पत्रवाचन में ज्ञानेंद्र कुमार बाजपेयी आचार्य जी का द्वितीय स्थान रहा। प्रबंधक एवं कोषाध्यक्ष जी ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें प्रांत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु टिप्स व आशीर्वचन प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

# विद्यालय का गौरव बढ़ाया





विद्या संकुल स्तरीय संस्कृति महोत्सव एवं गणित मेला पं.दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यू.पी.बोर्ड में आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय विद्यालय डॉ.हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास–विकास लखीमपुर–खीरी के भैया नैतिक वर्मा ने गणित प्रदर्श (बाल वर्ग) मे प्रथम स्थान, जयेश मिश्र ने गणित प्रदर्श (शिशु वर्ग) में प्रथम स्थान, विनायक वर्मा, शौर्य मिश्र,पवन चौरसिया ने वैदिक गणित प्रश्न मंच (शिशु वर्ग) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कथा कथन (शिशु वर्ग) में अभिज्ञान दीक्षित, बाल वर्ग में ओम नारायण पांडे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक प्रश्न मंच (बाल वर्ग) में आयुष, अंशुम मौर्य अपूर्व बाजपेयी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। आचार्य गणित पत्र वाचन में श्री वीरेंद्र पांडे जी और सांस्कृतिक पत्रवाचन में श्रीमती गरिमा मिश्र जी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर के गौरव को बढ़ाया।

# बहराइच संकुल

# भैया–बहिनों को पुरस्कृत किया गया







सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज बहराइच में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले भैया/बहिनों को विद्यालय के यशस्वी एवं ऊर्जावान प्रधानाचार्य श्री रवि कुमार शुक्ल जी,श्री राजेंद्र कुमार मिश्र जी, श्री वेद प्रकाश मिश्र जी, के द्वारा पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर समस्त भैया –बहन, समस्त सम्मानित आचार्य बंधु एवं आचार्या बहिनें उपस्थित रहीं।






# रायबरेली संकुल



## भगवान का श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया

गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर रायबरेली में वंदना सभा में , श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। साथ ही जुलाई माह में शत– प्रतिशत उपस्थित हुए छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार अवस्थी जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अपने विचार रखें।





# संकुल स्तरीय ज्ञान–विज्ञान मेला सम्पन्न












अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालगंज में संकुल स्तरीय ज्ञान–विज्ञान मेला एवम प्रश्नमंच की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें संकुल के सभी विद्यालयों गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर,सरस्वती विद्या मंदिर ऊर्जा विहार ऊंचाहार ,विद्या मंदिर महराजगंज , शिशु मंदिर लालगंज , बालिका विद्या मंदिर लालगंज , बालिका विद्या मंदिर रायबरेली व शिशु मंदिर कृपलानी रायबरेली के भैया/बहनों ने प्रतिभाग किया। प्रातःकाल उद्घघाटन कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर उन्नाव के चिकिसाधिकरी डॉक्टर वीपी सिंह , व बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज के पूर्व प्रोफेसर डॉक्टर महादेव सिंह उपस्थित रहे। चिकित्साधिकारी डॉक्टर वीपी सिंह जी ने बच्चो को शिक्षण के साथ खेलकूद , व्यायाम और संतुलित आहार को जीवन शैली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया । डॉक्टर महादेव सिंह जी ने संकुल के समस्त छात्रो को उत्कृष्ट मॉडल बनाने के लिए उन बच्चो की सराहना की । विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमान अनन्त पाण्डेय व प्रबंधक श्री सचिन रस्तोगी जी भी रहे। अध्यक्ष और प्रबंधक जी ने बच्चो को भविष्य का वैज्ञानिक बताया। ज्ञान विज्ञान मेला की प्रतियोगिताएं शिशु/बाल/किशोर/तरुण चार वर्गों में सम्पन्न हुई। ज्ञान विज्ञान मेला के परिणाम की घोषणा मेला संयोजक जितेंद्र गुप्ता और आलोक मिश्रा जी ने की । जिसमें शिशु वर्ग गणित प्रश्नमंच में में सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । किशोर वर्ग गणित













प्रश्नमंच में एनटीपीसी ऊंचाहार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । तरुण वर्ग प्रश्नमंच में गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर विद्या मंदिर रायबरेली को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ ।गोपाल विद्या मंदिर को विज्ञान प्रश्नमंच और विज्ञान प्रदर्श में बाल वर्ग , किशोर वर्ग में और तरुण वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर को तरुण वर्ग में विज्ञान प्रदर्श में प्रथम , जीव विज्ञान प्रयोग में प्रथम , बाल वर्ग प्रदर्श में प्रथम और नवाचारित में किशोर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । नीचे बरामदे में विज्ञान प्रदर्श के मॉडल व प्रयोग लगाए गये जिनका अवलोकन विशिष्ट अतिथि महानुभाव गोवर्धन मिश्र,साधनलाल तिवारी ,मनोज पाण्डेय , कीर्ति मनोहर शुक्ल , वेदप्रकाश श्रीवास्तव , अंजनी कुमार ,विजय बहादुर सिंह , सुनील बाजपेई आदि के द्वारा किया गया। आज के सम्पूर्ण कार्यक्रम में संकुल प्रमुख श्रवण कुमार अवस्थी जी , बालिका विद्या मंदिर लालगंज की प्रधानाचार्या श्रीमती मधू शर्मा जी, बालिका विद्या मंदिर रायबरेली की प्रधानाचार्या श्रीमती निधी द्विवेदी जी शिशु मंदिर लालगंज के प्रधानाचार्य श्रीमान सुरेश पाठक जी की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों को प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए रायबरेली जाना होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र शुक्ला जी ने कहा कि सभी आचार्य/आचार्या एवं कर्मचारीगण सम्पूर्ण कार्यक्रम में सक्रिय योगदान के लिए बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य चंद्र प्रकाश पांडेय ,अमरेश सिंह,अनुरूद्ध त्रिपाठी, नीरज पाण्डेय,नीरज साहू, संध्या भारती, गोवर्धन साहू, राजेन्द्र पाण्डेय, आलोक मिश्रा, आलोक बाजपेई, रोहित द्विवेदी, विद्या कांत त्रिवेदी, जितेन्द्र गुप्ता, बद्रीविशाल उपस्थित रहे ।

# बाराबंकी संकुल



## मेजर ध्यानचन्द जी की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी

गोपाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज फतेहपुर बाराबंकी में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह श्रेयांश ने भैया बहनों को मेजर ध्यानचंद के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी उन्होंने बताया कि ध्यानचंद का घर बाराबंकी जिले में भी अवस्थित है जो अभी एक म्यूजियम बनने के लिए अग्रसर है विभिन्न प्रतियोगिताओं का झंडी दिखाकर उद्घाटन भी किया 100 मी दौड़ में भैया सानू प्रताप सिंह व बहन मनी प्रथम आए भाला फेंक प्रतियोगिता में भैया विनीत प्रथम रहे तथा विभिन्न प्रतियोगिताओ में बहुत सारे भैया बहनों ने प्रतिभाग किया।




# संस्कृति बोध परियोजना का द्वितीय चरण प्रारम्भ




सरस्वती शिशु मंदिर इंटर उगे हम धरा में नई रौशनी  लेकर,अंधेरी निशा को मिटाने चले हम संस्कृति बोध परियोजना के द्वितीय चरण का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तहसील फतेहपुर, बाराबंकी में संस्कृति बोध अभियान के द्वितीय चरण का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ । आज के इस कार्यक्रम में साई ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के निदेशक विपिन सिंह राठौर, प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज देवा के प्रबंधक इन्द्र कुमार वर्मा, सरस्वती ज्ञान मंदिर  प्रधानाचार्य मंजीत सिंह, सेठ स्वामी दयाल पब्लिक जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य रूपेंद्र वर्मा  सहित अन्य विद्यालय के प्रधानाचार्य/ प्रबंधक उपस्थित रहे।प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज देवा के प्रबंधक इन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए आप सभी बधाई के पात्र हूं। शिक्षा हम भी देते है किंतु आप शिक्षा के साथ साथ भी संस्कार भी देते है ,जो वर्तमान की उपलब्धि है। पूर्व आचार्य वर्तमान में प्रबंधक शारदा विद्या मंदिर बेलहरा अनिल सिंह जी कहा की विद्यालय में गौरव को अनुभूति होती है,उपस्थित सभी भैया / बहन भावी भारत के कर्णधार है। आज के कार्यक्रम की प्रस्ताविकी और अतिथि परिचय कराते हुए  विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील सिंह श्रेयांश ने कहा कि हमारी संस्कृति अमिट है,रोमा मिस्र सब मिट गए। संस्कृति और सभ्यता का ज्ञान हमारे ग्रंथों में है, इसलिए इनका अध्ययन करना आवश्यक है। गौरवमयी संस्कृति से समाज के प्रत्येक क्षेत्र के लोगों को जोड़ना ही हमारा लक्ष्य है। नैतिकता पर बल देने के लिए समाज में सांस्कृतिक विरासत को पहुंचाना जरूरी है। हम सभी भावना को भावना से जोड़कर सद्भावना को बढ़ा सकते है। इस अवसर पर अनेक अभिभावक,आचार्य,और भैया/ बहन उपस्थित रहे।




# शिक्षक दिवस मनाया गया




सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तहसील फतेहपुर, बाराबंकी में शिक्षक दिवस कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया। आज के इस कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य, सहित मौजूदा प्रधानाचार्य वा समस्त आचार्य बंधु/ आचार्या बहनों को विद्यालय के प्रबंध तंत्र द्वारा माल्यार्पण ,स्मृति चिन्ह,प्रदानकर पुरुस्कृत किया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील सिंह श्रेयांश ने पूर्व प्रधानाचार्यों रामकृपाल पांडेय, सत्य नारायण वर्मा हेम जी,शांताकर जी,राम नरेश वर्मा जी,श्रवण कुमार श्रीवास्तव ( राज्यपाल द्वारा शिक्षक सम्मान प्राप्त) का परिचय कराया। मंच पर अग्रिम पंक्ति में पूर्व प्रधानाचार्य, मध्य पंक्ति और अंतिम पंक्ति में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य उपस्थित रहे। सभी के द्वारा मां शारदे के चरणों में पुष्पार्चन दीप प्रज्वलन किया गया,उसके उपरांत आज का शिक्षक दिवस का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रधानाचार्य सुनील सिंह श्रेयांश जी ने आए हुए अतिथियों का परिचय एवं,प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। पूर्व प्रधानाचार्य, वरिष्ठ आचार्य,सहित अन्य आचार्य बंधु/ भगिनी को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।




# संकुल स्तरीय ज्ञान–विज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखपेडाबाग में संकुल स्तरीय ज्ञान –विज्ञान एवं गणित मेला का आयोजन किया गया, जिसमें बाराबंकी संकुल में आने वाले पांच विद्यालयों के लगभग 200 भैया– बहनों ने प्रतिभा किया, संकुल स्तरीय ज्ञान –विज्ञान मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विद्या निरीक्षक ैतप ए.च. ज्तपचंजीप रप ने दीप प्रचलित व पुष्पार्चन करके किया, प्रान्तीय पर्यवेक्षक के रूप में श्री उत्तम जी तथा विद्या मंदिर केशवनगर बाराबंकी के उपाध्यक्ष डा . आर .एस . गुप्त जी तथा प्रबन्ध समिति के संस्थापक सदस्य श्री ललराम चौधरी तथा विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्रधानाचार्य सहित आचार्य एवं आचार्या बहने उपस्थित रहे। तत्पश्चात ज्ञान –विज्ञान एवं गणित की विभिन्न प्रतियोगिताओं में शिशु वर्ग ,बाल वर्ग ,किशोर वर्ग एंव तरुण वर्ग के भैया –बहनों ने अपनी–अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जीते हुए भैया –बहनों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# उन्नाव संकुल



# धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव



स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में रूप सज्जा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भैया बहिनों ने श्रीकृष्ण व राधा के रूप में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया जिसमें कुल 106 भैया बहिनों ने प्रतिभाग किया । इसी के साथ बाँसुरी सज्जा का भी आयोजन किया गया जिसमें कुल 49 भैया बहिनों ने प्रतिभाग किया ।निर्णायक मंडल में नगर के एक ज्वैलरी व्यवसायी श्री राजेश बाजपेई , ज्वैलरी व्यवसायी बहिन कीर्ति बाजपेयी व श्रीमती शालिनी जी ने अपनी अहम भूमिका निभाई ।विजेताओं को नगर के ज्वैलरी व्यवसायी श्री राजेश बाजपेयी जी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया व सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी ने सभी आये निर्णायकों का आभार व्यक्त किया व भविष्य में ऐसे ही सहयोग की आशा की अपील की । कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदे की वंदना से हुई जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी ने माँ शारदे के चित्र पर पुष्प अर्पित किया व दीप प्रज्ज्वलित किया ।इनके साथ में

विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री शिव सिंह जी , श्री रविशंकर श्रीवास्तव जी, श्री मनोज सिंह जी , श्री संजय त्रिपाठी जी व श्री शशिकान्त जी ने भी मां शारदे के चित्र पर पुष्प अर्पित किया । वन्दना के पश्चात श्री शशिकान्त जी ने श्री कृष्ण जी के भजन प्रस्तुत किया जिससे कार्यक्रम में चार चाँद लग गए । श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बारे में श्री श्याम नारायण जी ने विस्तार से भैया बहिनों को जानकारी दी । उन्होंने श्रीकृष्ण जी के जन्म से लेकर अर्जुन को महाभारत के युद्ध के मैदान में गीता के





उपदेश तक कि सारी बातें विस्तार से बताईं । सभी नें श्रीकृष्ण व राधा के रूप में विराजमान बहिनों की पूजा अर्चना की ।अन्त में सज्जा प्रतियोगिता की आयोजिका श्रीमती रचना सिंह व प्रीति जी को प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी ने सम्मानित किया । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री रविशंकर श्रीवास्तव जी ने किया । शान्ति मन्त्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।



# हरदोई संकुल



## कृष्ण जन्माष्ट्मी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया





विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में विद्यालय की वन्दना सभा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शिशु वाटिका के नन्हे–मुन्ने भैया/बहनों ने राधा–रानी व श्रीकृष्णजी का रूप–सज्जा कर सभी का मन मोह लिया। इस पावन अवसर पर प्रधानाचार्य श्री मान विनोद कुमार सिंह जी ने सभी राधा–कृष्ण बने भैया /बहनों की आरती की तथा उनके उत्साह बर्धन के लिए सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। आचार्य ललित बाजपेई जी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम करने से वातावरण में जो संस्कार समाहित हो जाते हैं वह जीवन पर्यन्त चलते है। मातृभारती की बहन श्रीमती कल्पना मिश्रा जी (उपमंत्री) ने सभी भैया/बहनों को लड्डू खिलाकर आशीर्वाद दिया।आगंतुक अभिभावकों को भी प्रसाद वितरण किया गया।



# गुरू वन्दन कार्यक्रम मनाया गया

विद्याभारती विद्यालय सरस्वती शिशु/ विद्या मन्दिर विष्णुपुरी हरदोई में पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली



डॉ० राधाकृष्णन जयंती आचार्य दिवस के रूप में मनाई गई । इस अवसर पर भारत विकास परिषद हरदोई की एक सामाजिक संस्था द्वारा गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम विद्यालय आकर आयोजित किया। जिसमें संस्था अध्यक्ष श्रीमान अवध बिहारी मिश्रा जी, सचिव श्रीमान रामकिशोर शुक्ला जी, सयोजक श्रीमान गौरव भदौरिया जी, सदस्य श्रीमान राजवर्धन श्रीवास्तव जी, श्री प्रदीप गुप्ता जी, श्री अतुल अग्रवाल जी ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी के समक्ष दीपप्रज्जवनल /पुष्पार्चन कर माँ शारदे की वन्दना की उसके बाद विद्यालय के आचार्य श्री सतेन्द्र जी, श्री वीरेन्द्र जी व प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए माल्यार्पण कर पटकापहनाकर सम्मान किया।इसी के साथ विद्यालय के तीन आदर्श भैया/बहनों में कक्षा दशम के छात्र हिमांशु त्रिपाठी, आयुष यादव, कक्षा पंचम से अदिति पाण्डेय को भी अतिथि महानुभावों द्वारा माल्यार्पण व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन श्री सुशील आचार्य जी ने किया। अन्त में आभार ज्ञापन श्री उमेश आचार्य जी ने किया।

# अम्बेडकर नगर संकुल




## संस्कृति बोध परियोजना का शुभारम्भ

विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में आज संस्कृत बोध परियोजना महाभियान का शुभारम्भ हुआ। इसमें तीन पूर्व छात्र, एक सेवा निवृत्त केन्द्रीय अधिकारी डाक विभाग, एक सेवा निवृत प्रवक्ता भौतिक विज्ञान श्री तेज प्रताप सिंह जी, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान वीरेन्द्र कुमार वर्मा जी, सभी 35 आचार्य, आचार्या बहनें, 12 कर्मचारी भैया, मैया, मातृ भारती की तीन बहनें, एवं 37 अभिभावकों तथा 985 भैया बहनों



की उपस्थिति में महा अभियान का उद्घाटन कार्यक्रम समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। यह परीक्षा 1980 से विद्या भारती के कुरुक्षेत्र केंद्र से संचालित की जाती है. इसके माध्यम से छात्रों को भारतीय संस्कृति, धर्म, इतिहास, पर्वों, तीर्थस्थलों, पवित्र नदियों–पर्वतों एवं राष्ट्रीय महापुरुषों की जानकारी अत्यंत रोचक एवं सहज रूप में प्राप्त हो जाती है. इस योजना का लाभ विद्या भारती के अतिरिक्त अन्य विद्यालयों के छात्र, अध्यापक, माता–पिता आदि सर्वसाधारण

लोग प्राप्त कर रहे हैं. भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता को पुष्पित एवं पल्लवित करने में यह योजना पोषक सिद्ध हो रही है ।



## रक्षासूत्र बांधा गया



पवित्र पावन त्यौहार रक्षा बन्धन के पुनीत अवसर पर विवेकानन्द शिशु कुञ्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनटीपीसी टाउन शिव टाण्डा की बहनों ने एनटीपीसी के मानव संसाधन विभाग के हेड आदरणीय खेतान जी एवं डी.जी.एम. श्रीमान अनुराग सिन्हा जी और उनकी पूरी एच.आर. विभाग की टीम के सभी सदस्यों को रक्षा सूत्र बांधकर मिष्ठान खिलाकर बधाई दी गई । अधिकारियों ने भी बहनों को आशीर्वाद दिया इस खुशी के मौके पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें यह अनुभूति कराने का प्रयास हुआ कि जो भी अधिकारी बन्धु अपने परिवार से दूर राष्ट्र सेवा में लगे हैं, उन्हें परिवार की रिक्तता का अहसास न हो। प्रारम्भ में श्रीमान राम तीरथ यादव जी प्रधानाचार्य विवेकानन्द इण्टर कॉलेज विद्यालय की बहनों के साथ पुलिस विभाग में चौकी इञ्चार्ज श्री त्रिपाठी जी व उनकी पूरी टीम को रक्षा सूत्र बाँध कर शुभ कामनाएं दी। तत्पश्चात श्रीमान रामतीर्थ जी, प्रवीण जी, संजय जी, लवकुश जी, आचार्या शैलजा जी तथा विद्यालय की बहनों के द्वारा एनटीपीसी के एच. आर. विभाग में रक्षा सूत्र बाँधकर उनके यशस्वी जीवन हेतु शुभ कामनाएं दी गई। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने आचार्य परिवार व सभी बहनों को अवकाश के दिन इस पुनीत कार्य में सहयोग हेतु बहुत—बहुत शुभकामनाएं दीं।



# शारीरिक संयोजक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ





विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर अवध प्रांत के प्रांत शारीरिक संयोजक श्रीमान रमेश सिंह जी का मार्गदर्शन वंदना सभा में प्राप्त हुआ । इस अवसर पर विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमान वीरेंद्र कुमार वर्मा जी ने आए हुए अतिथियों का परिचय कराया एवं स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्रीमान रमेश सिंह जी ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद जी की तरह अनुशासित एवं कड़ी मेहनत करके नई ऊंचाइयों पर पहुंचा जा सकता है। आज विद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ–साथ राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी कक्षा के भैया बहनों ने बढ़–चढ़कर के हिस्सा लिया।




# बैठक सम्पन्न







विवेकानंद शिशु कुंज विद्यालय में प्रदेश निरीक्षक श्रीमान रामजी सिंह जी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें दोनों संभाग के संभाग निरीक्षक श्रीमान अवरीश कुमार जी, श्रीमान सुरेश सिंह जी,अवध प्रांत के शारीरिक प्रमुख श्रीमान रमेश सिंह जी एवं अंबेडकर नगर संकुल के सभी प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। प्रदेश निरीक्षक श्रीमान रामजी सिंह जी ने छात्र सांसद एवं कन्या भारती के भैया बहनों के साथ बैठक की। अंत में प्रदेश निरीक्षक, दोनों संभाग निरीक्षक, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी आचार्य, आचार्या बहनों के साथ बैठक संपन्न हुई।

# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं सम्पन्न







सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शास्त्रीनगर की मेजबानी में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता बी० एन० इंटर कॉलेज अकबरपुर अंबेडकरनगर के प्रांगण में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डा० विजय तिवारी ( वरिष्ठ सर्जन अंबेडकरनगर ) ने मां सरस्वती के चरणों में दीपार्चन एवं पुष्पार्चन करके किया । प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया/ बहिन प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता एनटीपीसी टांडा में सहभाग करेंगे । खेलकूद प्रतियोगिता में प्रांतीय पर्यवेक्षक श्री राजनारायण जी ने अपने तनमयता से दायित्व का निर्वहन किया । कार्यक्रम में श्री नरसिंह नारायण जी ( प्रधानाचार्य विवेकानंद शिशु कुंज कटरिया ) , श्री राम तीरथ यादव ( प्रधानाचार्य विवेकानंद इंटर कॉलेज कटरिया ) , श्री अर्जुन जी ( प्रधानाचार्य शिशु विद्या मंदिर टांडा ) , श्री संजीव कुमार मिश्र जी ( प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर शास्त्रीनगर ) , श्री शिव प्रसाद मिश्र जी ( प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर लोहियानगर ) , श्री सुरेश कुमार यादव जी ( सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शास्त्रीनगर ) उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन श्री सुधीर कुमार पांडेय जी ने किया । कार्यक्रम के समापन के अतिथि श्री सुरेन्द्र चंद्र वर्मा रहे ।



# शिक्षक दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया






विद्या भारती विद्यालय जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर में आज शिक्षक दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के श्री चरणों में दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना के पश्चात विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य डॉक्टर राजेंद्र सिंह द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओमप्रकाश सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई। प्रधानाचार्य जी ने अपने उद्‌बोधन में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक एक अच्छे समाज का निर्माता होता है। वह छात्रों को अज्ञानता रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाता है ।उन्होंने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन सिद्धांतों से सीख प्राप्त करते हुए उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में भैया बहनों ने शिक्षकों के प्रति अपने सम्मान को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित भैया–बहनों, आचार्य बन्धुओ व आचार्या बहनों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# गोण्डा संकुल

## पुरस्कृत किया




सरस्वती विद्या मंदिर माधवपुरम बड़गांव गोंडा में आज बहन नेहा गुप्ता द्वादश को विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने जूडो कराटे में जिले में प्रथम स्थान आने पर पुरस्कृत किया।

## आचार्य सम्मान का आयोजन किया गया




सरस्वती विद्या महान शिक्षाविद, आदर्श शिक्षक, पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर सरस्वती विद्या मंदिर माधवपुरम बड़गांव गोंडा में आचार्य–सम्मान–समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रवीण जी (विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ),विद्यालय के वरिष्ठ सदस्य श्री राम प्रकाश गुप्त, विद्यालय के प्रबंधक श्री हनुमान सिंह विसेन जी तथा प्रधानाचार्य श्री सुरेश चन्द्र पाण्डेय जी ने आचार्यों को सम्मानित किया।


# महत्वपूर्ण तिथियां

## माह–अक्टूबर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 02 | आश्विन अमावस्या | बुधवार | महात्मा गांधी, लालबहादुर शास्त्री जयन्ती | (कार्यक्रम) |
| 04 | आश्विन शुक्ल द्वितीया | शुक्रवार | विश्व पशु संरक्षण दिवस | (कार्यक्रम) |
| 08 | आश्विन शुक्ल पंचमी | मंगलवार | भारतीय वायु सेना दिवस | (कार्यक्रम) |
| 10 | आश्विन शुक्ल सप्तमी | गुरूवार | विजयादशमी व बालिका दिवस | (कार्यक्रम) |
| 11 | आश्विन शुक्ल अष्टमी | शुक्रवार | अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस | |
| 11–13 | आश्विन शुक्ल अष्ट्मी से एकादशी | शुक्रवार से रविवार | महानवमी, विजयादशमी | (अवकाश) |
| 15 | आश्विन शुक्ल त्रयोदशी | मंगलवार | ग्लोबल हैण्डवाश डे | |
| 16 | आश्विन शुक्ल चतुर्दशी | बुधवार | महर्षि बाल्मीकि जयन्ती | (कार्यक्रम) |
| 17 | आश्विन पूर्णिमा | गुरूवार | महर्षि बाल्मीकि जयन्ती | (अवकाश) |
| | तृतीय सप्ताह | | विज्ञान, वैदिक गणित, संस्कृति महोत्सव एवं प्रान्तीय खेलकूद प्रतियोगिता | |
| 29 | कार्तिक कृष्ण द्वादशी | मंगलवार | दीपोत्सव कार्यक्रम, सरदार पटेल जयन्ती | (कार्यक्रम) |
| 30 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक | कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी से कार्तिक शुक्ल द्वितीया तक | बुधवार से रविवार तक | दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज | (अवकाश) |
| 31 | कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी | गुरूवार | आचार्य नरेन्द्रदेव जयन्ती | |

सा विद्या या विमुक्तये

विद्या भारती







# भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र.

## अवध प्रान्त

सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ